<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 08.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>**मुख्य समाचार**</u>

1. **सर्वोच्च न्यायलय ने राज्य सरकार को 50 प्रतिशत आरक्षित पदों पर पारा शिक्षकों से आवेदन लेकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश।**
2. **दुमका–गोविंदपुर ट्रांसमिशन लाइन शुरू, झारखंड को मिलेगा 450 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का लाभ, संथाल परगना समेत कई जिलों में बिजली आपूर्ति होगी मजबूत।**
3. **झारखंड बिहार में आयकर विभाग ने 20 हजार करोड़ रुपये का कर किया संग्रह, महेंद्र सिंह धौनी बने सबसे बड़े व्यक्तिगत आयकरदाता।**
4. **रेलवे 40 वर्ष पुरानी प्रणाली के स्थान पर अगस्त से उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली करेगा लागू, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को उन्नयन को सुचारू बनाने के दिए निर्देश।**

**और**

5. **रांची में कल से आयोजित होगी 12वीं जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता, 600 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग।**

**और अब समाचार विस्तार से**

<u>*******************</u>

सर्वोच्च न्यायलय ने झारखंड के पारा शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार को सहायक शिक्षक और सहायक आचार्य के 50 प्रतिशत आरक्षित पदों पर केवल पारा शिक्षकों से आवेदन लेकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को 10 सप्ताह में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने तथा हर शैक्षणिक सत्र में आरक्षित पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया चलाने का आदेश दिया है। साथ ही रिक्तियों की पहचान, विज्ञापन जारी करने और नियुक्ति पत्र देने के लिए भी समय–सीमा तय की गई है।

<u>*******************</u>

झारखंड को बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में बड़ी राहत मिली है। **दुमका–गोविंदपुर ट्रांसमिशन लाइन** के एक सर्किट का चार्जिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद अब **जेयूएसएनएल** लगभग 450 मेगावाट तक अतिरिक्त बिजली प्राप्त कर सकेगा। इस परियोजना से दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, देवघर, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो सहित कई जिलों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और लोड शेडिंग से राहत मिलने की उम्मीद है।

<u>*******************</u>

बिहार–झारखंड के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त डी. सुधाकर राव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयकर विभाग ने निर्धारित 18 हजार 500 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पार करते हुए 20 हजार करोड़ रुपये का कर संग्रह किया। इसमें झारखंड से 12 हजार करोड़ और बिहार से आठ हजार करोड़ रुपये का योगदान शामिल है। महेंद्र सिंह धौनी बिहार–झारखंड के व्यक्तिगत करदाताओं में सबसे बड़े आयकरदाता बने हैं।

<u>*******************</u>

रेल मंत्रालय ने कहा है कि रेलगाडियों को उन्नत यात्री आरक्षण प्रणाली में बदलने की प्रक्रिया अगस्त में शुरू हो जाएगी। नई दिल्ली में आज समीक्षा बैठक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलगाडियों को 40 वर्ष पुरानी आरक्षण प्रणाली से नई प्रणाली में बदलने के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। एक रिपोर्ट–

*******************

झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने देवघर में विभिन्न विभागों की योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और पुनासी परियोजना समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस मौके पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा किया जाए।

*******************

रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो ने जनगणना 2027 के तहत मोबाइल फोन के माध्यम से स्वयं और अपने परिवार की स्व–गणना की। उन्होंने बताया कि जनगणना का पहला चरण 1 से 15 मई तक चलेगा, जिसमें नागरिक वेबसाइट **सेन्सस सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल** पर अपनी जानकारी अपलोड कर यूनिक नंबर प्राप्त कर सकते हैं।

*******************

जामताड़ा जिले में रजिया नदी पर **सौर्य ऊर्जा संचालित उद्धव सिंचाई परियोजना** का शिलान्यास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने किया। इस योजना के तहत नदी का पानी लिफ्ट कर सैकड़ों एकड़ भूमि तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि यह परियोजना किसानों के लिए वरदान साबित होगी और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगी।

*******************

रांची यातायात पुलिस ने शहर में बिना वैध दस्तावेज और क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले बस, ऑटो और टोटो वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। चलाए गए अभियान के दौरान कुल 111 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इनमें 3 बस, 103 ऑटो और 5 टोटो वाहन शामिल हैं। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों और मालिकों से वैध कागजात रखने तथा निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाकर वाहन चलाने की अपील की है।

*******************

झारखंड में अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस को हाई स्पीड बाइक दी जा रही है। इसी कड़ी में हजारीबाग पुलिस को 42 नई बाइक मिली हैं, जिन्हें पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि ये बाइक संकीर्ण गलियों और मोहल्लों में तेज पेट्रोलिंग तथा अपराधियों का पीछा करने में मददगार साबित होंगी।

*******************

रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने जांच अभियान के दौरान 13 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आरपीएफ के अनुसार सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब्त मादक पदार्थ को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सौंप दिया गया।

*******************

झारखंड में चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आज से 13 मई तक मौसम में उतार–चढ़ाव बना रहेगा। मौसम विभाग ने कई जिलों में तेज हवा, बारिश और वज्रपात की आशंका को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रांची समेत कई जिलों में 9 और 10 मई को 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने और बारिश होने की संभावना जताई गई है।

********************

रांची में कल से 12वीं रांची जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रांची जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले भर से करीब 600 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर और रेफरी विभिन्न स्कूल, कॉलेज और क्लबों की ओर से भाग लेंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन सब जूनियर और जूनियर वर्ग जबकि दूसरे दिन कैडेट और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, चयनित खिलाड़ी वर्षभर जिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने बिहार में हुए 32 मंत्रियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम की खबरों को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – पश्चिम बंगाल में आज होगी मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा, शपथ ग्रहण कार्यक्रम कल।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा तैराकी प्रतिभाओं को उपलब्ध कराई जाएगी अत्याधुनिक सुविधा।

**हिंदुस्तान** ने लिखा है – ऑपरेशन सिंदूर पर पाक के खिलाफ अभियान पर सेनाओं ने किया खुलासा। 100 आतंकी मारे गए।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– दूसरे राज्यों के चिकित्सकों को झारखंड में निबंधन से मिलेगी छूट।

*********समाप्त*********